आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 15.10.2024
समय 1830

पहले मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में आईटीयू–विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा और इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन किया।
- केदारनाथ सहित 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा, मतदान 20 नवंबर और मतगणना 23 नवंबर को होगी।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 19 विभागों में चयनित दो सौ नवासी अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।
- और मुख्य सचिव ने पीएम आवास योजना–शहरी के दूसरे चरण में विभिन्न कार्यों को तत्परता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस के नैतिक इस्तेमाल का आह्वान करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि सुरक्षा, सम्मान और समानता सभी चर्चाओं के केंद्र में होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक ढांचा की स्थापना के महत्व को भी दोहराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत ने जी–20 अध्यक्षता के दौरान इस विषय को उठाया था और वैश्विक संस्थानों से वैश्विक शासन में इसके महत्व को पहचानने का आग्रह किया था।

प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मण्डपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ–आईटीयू की विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा – डब्ल्यूटीएसए – 2024 का उद्घाटन करते हुए कहा कि डब्ल्यू टी एस ए का उद्देश्य वैश्विक मानकों की दिशा में कार्य करना है और मोबाइल कांग्रेस की सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दूरसंचार और उससे संबंधित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभी दुनिया का सबसे अधिक गतिशील देश है।

उपचुनाव

चुनाव आयोग ने आज उत्तराखण्ड में रुद्रप्रयाग जिले के केदारनाथ सहित 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा कर दी है। उपचुनाव की अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी होगी। 29 अक्टूबर तक नामांकन भरे जा सकेंगे। 30 अक्टूबर को नामंकन पत्रों की जांच होगी और चार नवम्बर तक नामंकन वापस लिए जा सकते हैं। 20 नवम्बर को मतदान होगा और 23 नवम्बर को मतगणना की जाएगी।

वायुवीर विजेता कार रैली

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज देहरादून के चीड़बाग में स्थित शौर्य स्थल से 'वायुवीर विजेता' कार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारतीय वायु सेना–उत्तराखंड वॉर मेमोरियल संयुक्त कार रैली, लद्दाख के थोइस (दियाचेन) से शुरू हुई और लेह, श्रीनगर और जम्मू से होते हुए आज देहरादून पहुंची। यह रैली सात हजार किलोमीटर की यात्रा पर निकली है। रैली के माध्यम से आम जनता के बीच वायुसेना के गौरवशाली इतिहास का प्रचार किया जा रहा है और युवाओं को सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

डी–आइस प्रोजेक्ट कार्यशाला

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय में ग्लेशियरों पर होने वाले प्रभावों के अध्ययन पर आज से तीन दिवसीय डी–आइस प्रोजेक्ट कार्यशाला आयोजित की गई है। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के संकाय सदस्य और शोध छात्र हिस्सा ले रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्लेशियरों पर जलवायु परिवर्तन से पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना है।

डी –आइस प्रोजेक्ट के मुख्य अन्वेषक प्रोफेसर एच. सी.नैनवाल ने बताया कि यह परियोजना भारत सरकार और एस एन एफ स्विटजरलैंड के संयुक्त तत्वावधान में संचालित की जा रही है। कार्यशाला, हिमालय के ग्लेशियरों के अध्ययन पर केन्द्रित है जिसके अन्तर्गत ग्लेशियरों का गठन और संरचना और ग्लेशियरों के निर्माण की प्रक्रिया तथा उनकी संरचना का अध्ययन करना है।

धरपकड़

हरिद्वार जिला जेल से फरार दो कैदियों की धरपकड़ के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमेन्द्र डोबाल ने 10 टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों को अन्य प्रदेशों में भी भेजा गया है। फरार कैदियों के सम्पर्क में आए व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए उनसे पूछताछ की जा रही है।

## नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा –2021 के तहत चयनित 19 विभागों के दो सौ नवासी अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। चयनित अभ्यर्थियों को आजादी के अमृतकाल के सिपाही बताते हुए श्री धामी ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में चयनित अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान होगा। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में अधिकारियों की नियुक्ति होने से जनहित से जुड़े कामों में तेजी आयेगी। इससे व्यवस्था को नई गति और दिशा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने चयनित सभी अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे अपने कार्यक्षेत्र में नियमित नवचार लायेंगे। उन्होंने कहा कि चयनित अधिकारी सरकार और जनता के बीच सेतु का काम करेंगे।

## प्रधानमंत्री आवास

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दूसरे चरण के तहत विभिन्न कार्यों को तत्परता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए हैं। शहरी विकास विभाग की 21वीं राज्य स्तरीय अनुमोदन ओर अनुश्रवण समिति की बैठक में श्रीमती रतूड़ी ने कहा कि इस योजना में सफाई कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कर्मियों, भवन व अन्य निर्माण के श्रमिकों, पीएम–स्वनिधि और पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने सभी लाभार्थियों के चयन के लिए मांग सर्वेक्षण को जल्द पूरा करने कहा। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने योजना में नए शहरों को शामिल करते हुए सूची जल्द तैयार करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि जो शहर प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल नहीं किये जा सके, उन्हें इस योजना के दूसरे चरण की सूची में रखा जाए।

## जल शक्ति मंत्रालय का निरीक्षण

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के दल ने आज ऊधमसिंह नगर के काशीपुर में लघु सिचाई विभाग के तहत जिले में चल रही केंद्र पोषित योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र पोषित योजनाओं को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप योजना की समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। केंद्रीय जल आयोग के निदेशक गोवर्धन प्रसाद बताया कि ऊधमसिंह नगर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से चार हजार एक सौ हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इससे तीन हजार चार सौ पैंतीस किसान लाभान्वित होंगे।

## ऑपरेशन स्माइल

उत्तराखंड पुलिस 2015 से राज्य में "ऑपरेशन स्माइल" कार्यक्रम चला रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लापता बच्चों का उनके परिजनों से मिलाना है। पुलिस ने आज से दो महिने के लिए ऑपरेशन स्माइल शुरू किया है। उत्तराखण्ड पुलिस के प्रवक्ता नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि पुलिस ने अबतक 13 बार ये अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि अबतक लगभग छह हजार गुमशुदाओं को ढूंढा जा चुका है।

## साहित्यिक महोत्सव

अल्मोड़ा जिले के ऐतिहासिक मल्ला महल में 17 से 19 अक्टूबर तक तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव आयोजित किया जाएगा। साहित्यिक महोत्सव समिति की अध्यक्ष डाक्टर वसुधा पंत ने बताया कि महोत्सव में देश–विदेश में ख्याति प्राप्त साहित्यिक और सांस्कृतिक पहचान रखने वाली हस्तियां प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने कहा कि महोत्सव अल्मोड़ा की सांस्कृतिक और साहित्यक विरासत को विश्व पटल से साझा करने का एक बड़ा अवसर है।

## सफेद छड़ी सुरक्षा दिवस

अल्मोड़ा जिले में राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ ने आज दृष्टि बाधितों के लिए सफ़ेद छड़ी सुरक्षा दिवस आयोजित किया। समारोह में अल्मोड़ा और बागेश्वर के दृष्टि बाधितों ने हिस्सा लिया। समारोह में दृष्टि बाधितों को चालीस छड़ी वितरित की गई, और उल्लेखनीय कार्य करने वाले दृष्टि बाधितों को सम्मानित भी किया गया।

मुख्य समाचार एक बार फिर–––

- प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में आईटीयू–विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा और इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन किया।
- केदारनाथ सहित 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा, मतदान 20 नवंबर और मतगणना 23 नवंबर को होगी।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 19 विभागों में चयनित दो सौ नवासी अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।
- और मुख्य सचिव ने पीएम आवास योजना–शहरी के दूसरे चरण में विभिन्न कार्यों को तत्परता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।